Argasia Education PVT. Ltd. (GST NO.-09AAPCAI478E1ZH)
Address: Basement C59 Noida, opposite to Priyagold Building gate, Sector 02, Pocket I, Noida, Uttar Pradesh, 201301, CONTACT NO:-8448440231

**Date -07- November 2024**

# सात निश्चय योजना द्वितीय चरण / पार्ट – 2

## चर्चा में क्यों ?



पहल .राज्य सरकार ने न्याय के साथ विकास के सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखी

# सात निश्चय पार्ट 2 से खुलेगा राज्य के विकास का रास्ता

राज्य सरकार ने सात निश्चय पार्ट 2 योजना को जमीन पर उतारने का औपचारिक फैसला मंगलवार को लिया है. सात निश्चय पार्ट 2 को लागू करने से अगले पांच साल मे राज्य की अर्थ व्यवस्था न सिर्फ पटरी पर आयेगी, बल्कि विकास के नये आयाम भी दिखेंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई मे बनी नयी सरकार ने इस साल के विधानसभा के चुनाव तथा सरकार के गठन के बाद न्याय के साथ विकास के सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखी है.

**1 युवा शक्ति बिहार की प्रगति**

बिहार में युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, युवाओं को रोजगार ढूंढने में मदद करने के लिए स्वयं सहायता भत्ता योजना, युवाओं को कंप्यूटर, संवाद कौशल एवं व्यवहार कौशल का प्रशिक्षण देने के लिए कुशल युवा जैसे कार्यक्रमों को 2025 तक चलाया जायेगा. उद्यमिता को बढ़ावा दिया जायेगा.

**बढ़ेगी संस्थानों में गुणवत्ता**

आइटीआइ व पॉलिटेक्निक संस्थानों मे प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उच्चस्तरीय सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जायेगा. इनमे पढ़ रहे बच्चों को सोलर, ग्रीन तकनीक, ऑप्टिकल फाइबर एवं नेटवर्किंग, ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा.

**पांच लाख तक का अनुदान**

उच्च स्तर के प्रशिक्षण के साथ ही अपना व्यवसाय लगाने के लिए सरकार मदद करेगी. नया व्यवसाय के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम पांच लाख रुपये तक का अनुदान दिया जायेगा. अधिकतम पांच लाख का ऋण मात्र एक प्रतिशत ब्याज पर दिया जायेगा.

**जिले में मेगा-स्किल सेंटर**

वैसे युवा जो आइटीआइ एवं पॉलिटेक्निक मे नहीं पढ़ रहे हैं और नये कौशल का प्रशिक्षण पाना चाहते हैं, उनके लिए हर जिले मे कम से कम एक मेगा स्किल सेंटर खोला जायेगा.

**हर प्रमंडल में टूल रूम**

प्रत्येक प्रमंडल मे टूल रूम एवं ट्रेनिंग सेंटर बनेंगे. टूल रूम में आइटीआइ एवं पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को आधुनिक मशीनों पर ट्रेनिंग मिलेगी.

**उद्यमिता के लिए नया विभाग**

स्किल डेवलपमेंट तथा उद्यमिता पर विशेष बल देने के लिए एक अलग विभाग स्किल डेवलपमेंट एवं उद्यमिता विभाग होगा. इसमे आइटीआइ और पॉलिटेक्निक को समाहित किया जायेगा.

**2 सशक्त महिला, सक्षम महिला**

महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना लायी जायेगी. इसमें उनके द्वारा लगाये जा रहे उद्यमों में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम पांच लाख रुपये तक का अनुदान तथा अधिकतम पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण दिया जायेगा. उच्च शिक्षा के लिए इंटर पास होने पर अविवाहित महिलाओं को 25 हजार तथा स्नातक होने पर महिलाओं को 50 हजार की आर्थिक सहायता दी जायेगी.

युवाओं को अपना व्यवसाय अथवा उद्योग लगाने के लिए किया जायेगा प्रोत्साहित

**3 हर खेत तक पानी**

हर संभव माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जायेगा.

**4 स्वच्छ गांव-समृद्ध गांव**

सभी गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगायी जायेगी. इसकी नियमित निगरानी होगी. गांवों में भी ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं मल प्रबंधन की व्यवस्था की जायेगी. वार्ड स्तर पर नालों और गलियों की सफाई करायी जायेगी. प्रत्येक घर से ठोस कचरे लिया जायेगा और उनका निस्तारण किया जायेगा. नालों के अंत में निकले हुए गंदे जल का ट्रीटमेंट कराया जायेगा.

**पहले की योजनाओं की निगरानी**

सात निश्चय के तहत पूर्व से निर्मित योजनाओं जिसमें हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली-नालियां एवं हर घर शौचालय आदि की योजनाओं का पूरा रखरखाव किया जायेगा.

**पशु एवं मत्स्य संसाधनों का विकास**

आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर दुग्ध उत्पादन एवं प्रसंस्करण, मुर्गीपालन, मछलीपालन आदि को बढ़ावा दिया जायेगा.

**5 स्वच्छ शहर-विकसित शहर**

सभी शहरों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था उपयुक्त तकनीक के माध्यम से की जायेगी.

**वृद्धजनों के लिए आश्रय स्थल**

अगले पांच सालों मे वृद्धजनों के लिए राज्य के सभी सभी शहरों में आश्रय स्थल बनाया जायेगा.

**शहरी गरीबों के लिए बनेंगे भवन**

शहर मे रह रहे बेघर व भूमिहीन गरीब लोगों को बहुमंजिला भवन बना कर आवास उपलब्ध कराया जायेगा.

**सभी शहरों में विद्युत शवदाह**

सभी शहरों एवं महत्वपूर्ण नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृहों सहित मोक्षधाम का निर्माण कराया जायेगा.

**6 कनेक्टिविटी होगी और आसान**

आसपास के गांवों को जोड़ते हुए मुख्य पथों और प्रखंड, थाना व अनुमंडल, बाजार, अस्पताल, राज्य उच्च पथ एवं नेशनल हाइवे तक संपर्कता के लिए नयी सड़कों का निर्माण कराया जायेगा.

**बाइपास व फ्लाइओवर**

शहरी इलाके मे जाम की समस्या से मुक्ति एवं सुगम यातायात के लिये बाइपास अथवा फ्लाइओवर का निर्माण कराया जायेगा.

**7 सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा**

प्रत्येक 8-10 पंचायतों पर पशु अस्पताल की व्यवस्था की जायेगी. लोग कॉल सेंटर में फोन कर मोबाइल एप के माध्यम से इन सुविधाओं को प्राप्त कर सकेंगे. टेलिमेडिसिन के माध्यम से भी पशु अस्पताल जुड़े रहेंगे.

**गंभीर रोग के लिए स्क्रीनिंग**

पीएचसी, एसएचसी, अनुमंडल व जिला अस्पताल से जोड़ कर डॉक्टरी सलाह दी जायेगी. डायबिटीज, उच्च रक्तचाप तथा मोतियाबिंद आदि बीमारियों के लिए स्क्रीनिंग की जायेगी.

**हृदय रोगी बच्चों का मुफ्त इलाज**

हृदय में छेद के साथ जनमे बच्चों के नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था की जायेगी तथा इसके लिए नयी योजना बाल हृदय योजना लागू की जायेगी. विदेशों मे शिक्षा प्राप्त करने जाने वाले विद्यार्थियों के लिए डिजिटल काउंसेलिंग सेंटर की स्थापना की जायेगी.

**ऐसे होगी निगरानी**

सात निश्चय-2 के क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभाग अलग से अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगे. कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण एवं निगरानी बिहार विकास मिशन के द्वारा किया जायेगा.

PLUTUS IAS UPSC/ PCS

- हाल ही में बिहार को भारत का एक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के चरण / पार्ट - 2 के तहत सभी सात निश्चयों को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में कुल 5, 040 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

- सात निश्चय योजना के द्वितीय चरण या पार्ट - 2 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में कुल 5,040 करोड़ रुपए को आवंटित करने का प्रावधान किया गया है।

## सात निश्चय योजना द्वितीय चरण / पार्ट - 2 के तहत प्रमुख योजनाएँ :




1. युवा शक्ति - बिहार की प्रगति
2. सशक्त महिला - सक्षम महिला
3. हर खेत तक सिंचाई का पानी
4. स्वच्छ गाँव - समृद्ध गाँव
5. स्वच्छ शहर -विकसित शहर
6. सुलभ संपर्कता/ कनेक्टिविटी होगी और आसान
7. सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा

## निश्चय - 01 : युवा शक्ति - बिहार की प्रगति

- बिहार राज्य के प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों ( ITI ) एवं प्रत्येक पॉलिटेक्निक संस्थानों में गुणवत्ता बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक आईटीआई और पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उच्चस्तरीय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की योजना शामिल है।

- इस योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, संवाद कौशल और व्यवहारिक ज्ञान कौशल पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

**राज्य के उद्योग विभाग द्वारा उद्यमिता विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाएं :**

- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना।**
- **मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/ जनजाति उद्यमी योजना।**
- **मुख्यमंत्री अति पिछड़ा उद्यमी योजना।**
- **मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना।**

**निश्चय - 02 : सशक्त महिला - सक्षम महिला**

- **मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना ( उद्योग विभाग )** के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 250 करोड़ रुपए को आवंटित करने का प्रावधान किया गया है।
- इस योजना के तहत महिलाओं को सशक्त और सक्षम बनाने की योजना है, जिसमें महिलाओं में उद्यमिता कौशल को बढ़ाने के लिए उनके उद्योग से संबंधित परियोजना लागत के 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण दिए जाने का प्रावधान किया गया है।
- उच्चत्तर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा **इंटरमीडिएट या समकक्ष उत्तीर्ण अविवाहित महिलाओं को 25,000 रुपए की दर** से और **स्नातक या समकक्ष उत्तीर्ण महिलाओं को 50,000 रुपए की दर से** प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है।

**निश्चय - 03 : हर खेत तक सिंचाई का पानी**

- विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के द्वितीय चरण के तहत निश्चय 3 **" हर खेत तक सिंचाई का पानी "** योजना को सफल बनाने के लिए वित्त वर्ष 2024 - 25 में बिहार में कुल तीन विभागों को इस कार्य के सफल निष्पादन के लिए लगाया गया है -

- **जल संसाधन विभाग।**
- **लघु जल संसाधन विभाग।**
- **कृषि विभाग।**

- इस महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय पार्ट-2 में नीतीश कुमार ने तीसरा स्थान खेती और सिंचाई को दिया गया है। इसके तहत वादा किया गया है कि अगले पांच सालों में हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

## निश्चय - 04 : स्वच्छ गाँव - समृद्ध गाँव

- विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के " स्वच्छ गाँव - समृद्ध गाँव " योजना के तहत पंचायती राज विभाग और उर्जा विभाग द्वारा बिहार के सभी गाँवों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 276 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में " लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान " योजना के तहत द्वितीय चरण के योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- इस योजना के तहत बिहार राज्य के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पशु और मत्स्य संसाधनों के विकास की योजना शामिल है।

## निश्चय - 05 : स्वच्छ शहर - विकसित शहर

- इस योजना के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- बिहार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा इस योजना के तहत बिहार के सभी शहरों और महत्वपूर्ण नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृह सहित मोक्षधाम के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष - 2024 - 25 में 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- इस योजना के अंतर्गत वृद्धों के लिए आश्रय स्थल, शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिले आवास का निर्माण शामिल है।

## निश्चय - 06 : सुलभ संपर्कता

- विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के " ग्रामीण पथों की सुलभ संपर्कता योजना " के तहत कुल 1623 पथ प्रस्तावित है।
- इस योजना के तहत इन पथों की कुल लंबाई 12,250. 32 किलोमीटर है।
- इसके तहत लोगों की सुविधा के लिए गांवों को प्रमुख सड़कों से जोड़ने, बाइपास रोड और फ्लाईओवर निर्माण की योजना शामिल है।

PLUTUS IAS

## निश्चय - 07 : सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा

- विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत " सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा " योजना के तहत बिहार के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिहार के सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 243 विधान सभा क्षेत्रों में एक - एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , 05 (पांच) स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं 136 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया गया है।
- इसके तहत प्रत्येक गाँव तक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए आधारभूत व्यवस्था तैयार करने की योजना है। इसमें कॉल संटर और मोबाइल एप की सहायता से डोर स्टेप सेवा का वादा किया गया है। इसके अलावा टेलीमेडिसीन के द्वारा पीएचसी, सीएचसी के साथ ही अनुमंडल और जिला अस्पतालों को जोड़ने की योजना भी शामिल है।
- इस योजना के अंतर्गत राज्य में वर्तमान में मौजूद अस्पतालों की सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने और उसका विस्तार करने की योजना शामिल है।
- बाल हृदय योजना : वर्ष 2021 में आरंभ की गई इस योजना के अंतर्गत दिनांक 31 जनवरी 2024 तक कुल 1134 बच्चों का सफलतापूर्वक ईलाज कराया जा चुका है।

| क्रमांक | निश्चय का नाम | निश्चय अंतर्गत योजना/कार्यक्रम | संबंधित विभाग | संबंधित उप-मिशन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | राज्य के प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता बढ़ाने की योजना। | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |
| 2 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | राज्य के प्रत्येक पॉलिटेक्निक संस्थानों में गुणवत्ता बढ़ाने की योजना | विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग | युवा उप-मिशन |
| 3 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | हर जिले में मेगा-स्किल सेन्टर (मार्गदर्शन, नयी स्किल में प्रषिक्षण) | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |
| 4 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- | टूल रूम (हर प्र-मण्डल में) | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बिहार की प्रगति | | | |
| 5 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | स्किल एवं उद्यमिता हेतु नया विभाग (आई0टी0आई0/ पॉलिटेक्निक सहित) | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | युवा उप-मिशन |
| 6 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | केन्द्र सरकार की योजना के तहत् तकनीकी शिक्षा हिन्दी में उपलब्ध कराने का प्रयास करना। | श्रम संसाधन विभाग / विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग | युवा उप-मिशन |
| 7 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना। | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |
| 8 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना। | विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग | युवा उप-मिशन |
| 9 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | खेल विश्वविद्यालय की स्थापना। | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | युवा उप-मिशन |
| 10 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | उद्यमिता विकास हेतु अनुदान / प्रोत्साहन। | उद्योग विभाग | उद्योग एवं व्यवसाय उप-मिशन |
| 11 | निश्चय - 1 युवा शक्ति- बिहार की प्रगति | सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार के 20 लाख से ज्यादा नये अवसर का सृजन । | (i) सरकारी क्षेत्र में रोजगार सृजन - सामान्य प्रशासन विभाग | युवा उप-मिशन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | (ii) गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार सृजन - श्रम संसाधन विभाग | |
| 12 | निश्चय - 2 सशक्त महिला, सक्षम महिला | महिला उद्यमिता हेतु विषेश योजना। | उद्योग विभाग | उद्योग एवं व्यवसाय उप-मिशन |
| 13 | निश्चय - 2 सशक्त महिला, सक्षम महिला | उच्चतर सिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन। | शिक्षा विभाग | मानव विकास उप मिशन |
| 14 | निश्चय - 2 सशक्त महिला, सक्षम महिला | क्षेत्रीय प्रशासन में आरक्षण के अनुरूप महिलाओं की भागीदारी। | सामान्य प्रशासन विभाग (नोडल विभाग) एवं अन्य विभागों के माध्यम से | युवा उप-मिशन |
| 15 | निश्चय - 3 हर खेत तक सिंचाई का पानी | हर खेत तक सिंचाई का पानी । | जल संसाधन विभाग (नोडल विभाग) / लघु जल संसाधन / राजस्व एवं भूमि सुधार / कृषि / ऊर्जा / ग्रामीण विकास / पंचायती राज विभाग | कृषि उप-मिशन |
| 16 | निश्चय - 4 स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव | सभी गाँवों में सोलर स्ट्रीट लाईट। | पंचायती राज विभाग / उर्जा विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | नगर विकास उप मिशन |
| 17 | निश्चय - 4 स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव | ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन। | ग्रामीण विकास विभाग (नोडल विभाग) एवं पंचायती राज विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 18 | निश्चय - 4 स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव | पूर्व की निश्चय योजना (हर घर नल का जल) का अनुरक्षण। | पंचायती राज विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 19 | निश्चय - 4 स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव | पूर्व की निश्चय योजना (घर तक पक्की गली - नालियाँ) का अनुरक्षण। | पंचायती राज विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 20 | निश्चय - 4 स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव | पूर्व की निश्चय योजना (हर घर शौचालय) का अनुरक्षण। | ग्रामीण विकास विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 21 | निश्चय - 4 स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव | पशु एवं मत्स्य संसाधनों का विकास। | पशु एवं मत्स्य संसाधन विकास | कृषि उप-मिशन |
| 22 | निश्चय - 5 | ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन। | नगर विकास एवं | पेयजल, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | स्वच्छ शहर- विकसित शहर | | आवास विभाग | स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 23 | निश्चय - 5 स्वच्छ शहर- विकसित शहर | वृद्धजनों हेतु आश्रय स्थल। | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 24 | निश्चय - 5 स्वच्छ शहर- विकसित शहर | शहरी गरीबों हेतु बहुमंजिला आवासन। | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 25 | निश्चय - 5 स्वच्छ शहर- विकसित शहर | सभी शहरों एवं महत्वपूर्ण नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृह सहित मोक्षधाम का निर्माण। | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 26 | निश्चय - 5 स्वच्छ शहर- विकसित शहर | सभी शहरों में स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का विकास। | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 27 | निश्चय - 6 सुलभ | ग्रामीण पथों की सम्पर्कता। | ग्रामीण कार्य विभाग | आधारभूत संरचना उप |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सम्पर्कता | | | मिशन |
| 28 | निश्चय - 6 सुलभ सम्पर्कता | शहरी क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार बाईपास अथवा फ्लाईओवर का निर्माण। | पथ निर्माण विभाग | आधारभूत संरचना उप मिशन |
| 29 | निश्चय - 7 सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा | I. बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आधारभूत व्यवस्थाएँ:-<br>(i) कॉल सेन्टर एवं मोबाईल एप की मदद से डोर स्टेप सेवा की व्यवस्था।<br>• पशु अस्पताल की स्थापना।<br>• पशु अस्पतालों के माध्यम से दी जा रही चिकित्सा सुविधा।<br>• टेलिमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श की सुविधा।<br>• मोबाईल यूनिट्स के माध्यम से घर तक पशु चिकित्सा की सुविधा। | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | कृषि उप-मिशन |
| 30 | निश्चय - 7 सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा | देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत गोवंश विकास संस्थान की स्थापना। | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | कृषि उप-मिशन |
| 31 | निश्चय - 7 सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा | II. गाँव-गाँव तक लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता:-<br>(i) स्वास्थ्य उप केन्द्रों को नियमित एवं बेहतर रूप से संचालित कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान किया जाना तथा इन्हें टेलीमेडिसीन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमंडल अस्पताल एवं जिला अस्पताल से जोड़कर लोगों को चिकित्सीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना एवं अन्य संबंधित कार्य । | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमंडल अस्पताल एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर एवं विस्तारित किया जाना । (iii) हृदय में छेद के साथ जन्में बच्चों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था तथा इसके लिए 'बाल हृदय योजना' लागू करना । | | |
| 32 | 7 निश्चय - 2 के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम | कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध होने के पश्चात् कोरोना से बचाव हेतु पूरे राज्य में इसका निःशुल्क टीकाकरण । | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |
| 33 | 7 निश्चय - 2 के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम | विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने जाने वाले विद्यार्थियों के लिए डिजिटल काउन्सलिंग सेन्टर की स्थापना । | शिक्षा विभाग | युवा उप-मिशन |
| 34 | 7 निश्चय - 2 के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम | दलहन के उत्पादन को बढ़ाने हेतु केन्द्र सरकार के सहयोग से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) पर दलहन की खरीद की व्यवस्था करने का प्रयास करना। | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | कृषि उप-मिशन |
| 35 | 7 निश्चय - 2 के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम | राज्य के बाहर काम करने वाले कामगारों का पंचायतवार डाटावेस संधारित करना। | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |

स्त्रोत - बिहार विकास मिशन, बिहार सरकार का आधिकारिक वेबसाईट।

## प्रारंभिक परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न :

Q.1. विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के द्वितीय चरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में कुल 700 करोड़ रुपए को आवंटित किया गया है।
2. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्वच्छ गाँव - समृद्ध गाँव योजना पहल को शुरू किया गया है।
3. बिहार में उच्चत्तर शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए स्नातक या समकक्ष उत्तीर्ण महिलाओं को 50,000 रुपए की दर से प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है।
4. सात निश्चय योजना के अंतर्गत आरक्षित रोजगार - महिलाओं का अधिकार एवं हर घर बिजली लगातार योजना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा चुका है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा कथन सही है ?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 4

C. इनमें से कोई नहीं।

D. उपरोक्त सभी।

उत्तर - D

## मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न :

Q.1. “ बिहार सरकार की “सात निश्चय योजना द्वितीय चरण” के तहत किए गए प्रमुख योजनाओं का उद्देश्य राज्य में सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। ” इस कथन के संदर्भ में सात निश्चय योजना के सफल क्रियान्वयन से जुड़े प्रमुख चुनौतियों और उसके समाधान के उपायों पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

( शब्द सीमा - 250 अंक - 15 )

Dr. Akhilesh Kumar Shrivastava

PLUTUS IAS


PLUTUS IAS
UPSC/ PCS
इतिहास वैकल्पिक
नया बैच | हिंदी माध्यम
ONLINE BATCH AVAILABLE AT CHANDIGARH
बैच आरम्भ
14 November 2024
Nirdesh Bhardwaj
Faculty of History
14 years Teaching Experience
Our Centres Delhi | Chandigarh | Shimla | Bilaspur
PLUTUS IAS WHATSAPP CHANNEL
2nd Floor, Apsara Arcade, Karol Bagh Metro Station Gate No. - 6, New Delhi 110005
www.plutusias.com
info@plutusias.com
8448440231